# प्रेस विज्ञप्ति

## 14.11.2025 – अखिल भारतीय

**44वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला**

आज दिनांक 14 नवम्बर, 2025 को 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में एलआईसी के स्टॉल का उद्घाटन श्री जे. पी. एस. बजाज, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर क्षेत्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

14 दिनों की अवधि में चलने वाले इस मेले में निगम की विभिन्न योजनाओं तथा एजेंट के रूप में भर्ती के लिए उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी जाएगी। एलआईसी की ई-सेवाओं एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं के बारे में भी जानकारी साझा की जाएगी। एलआईसी ने कार्यालय को पेपरलेस बनाने की दिशा में भी आगे कदम बढ़ाए हैं। बदलते परिवेश में निगम ने विभिन्न साधनों को अपनाकर पॉलिसी सर्विसिंग को और अधिक आसान एवं सुलभ बना दिया है। पॉलिसीधारक विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से प्रीमियम जमा कर सकते हैं। ग्राहक अपनी पॉलिसियों से संबंधित जानकारी एलआईसी की वेबसाइट www.licindia.in पर जाकर वर्चुअल असिस्टेंट "एलआईसी मित्र" के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे 022-68276827 नंबर पर डायल करके IVRS के माध्यम से भी यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी पॉलिसीधारक एलआईसी के व्हाट्सएप नंबर 8976862090 पर भी अपनी पॉलिसियों से संबंधित सूचनाएँ और सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

इस वर्ष एलआईसी अपना 69वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। देश की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं में से एक होने के नाते, इसने बड़ी संख्या में लोगों की बीमा आवश्यकताओं को पूरा किया है। एलआईसी ने बीमायोग्य जनसंख्या की बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर नवीन उत्पाद बाजार में प्रस्तुत किए हैं। बीमा के साथ-साथ, एलआईसी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी निर्वहन एलआईसी गोल्डन जुबली फ़ाउंडेशन के माध्यम से करता है, जो शिक्षा, चिकित्सा और अन्य सामाजिक सेवाओं में योगदान देता है। एलआईसी राष्ट्र-निर्माण परियोजनाओं में भी महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।

एलआईसी का ध्येय वाक्य "योगक्षेमं वहाम्यहम्" (श्रीमद भगवद गीता से), जिसका अर्थ है "आपका कल्याण हमारी जिम्मेदारी है ", निगम के उद्देश्य को पूर्णतः अभिव्यक्त करता है।

दिनांक: 14 नवम्बर, 2025, मुंबई

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
कार्यकारी निदेशक (सीसी), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई
ईमेल:ed_cc@licindia.com
हमारी वेबसाइट पर विजिट करें :www.licindia.in

---

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में शामिल समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान हैं। हालाँकि हम इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं, लेकिन हम यह भी मानते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपका है।